संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ ...4... दिनांक ...15-7.....2021

## गंदगी फैलाने पर 32 व्यक्तियों से वसूला जुर्माना

गुरुवार को सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अमले ने गंदगी व कचरा फैलाने वाले 32 लोगों से जुर्माना वसूला। इसमें विराली ड्रेसेस माणक चौक पर 1000 रुपए, मंगल सुराना, राज कलेक्शन, संजय सेवन्या, मुकेश माणकचौक, अल अनवर टेलर चांदनी चौक, अशोक कटारिया त्रिपोलिया गेट पर 500 रुपए, कुलश्री टेलर त्रिपोलिया गेट पर 300 रुपए, श्रीराम नमकीन चांदनी चौक पर 250 रुपए, उस्मान चांदनी चौक, हरीशंकर, राकेश, मुनव्वर, बबलू त्रिपोलिया गेट पर 100 रुपए, आबिद, मुकेश, चेतन माली, नाथूलाल, विकास पोरवाल, कान्हा, दुर्गेश, भरावा नमकीन, जितेंद्र, सिफलामुद्धीन, मनोहर, हुसैनी, नाहर, शहजादी, बाबूभाई चांदनी चौक, रेहाना, जमीला, सोनू बाथम त्रिपोलिया गेट पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

# महारुद्र यज्ञ के समापन पर लिया शहर में स्वच्छता का संकल्प

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत नागरिक जागरुकता कार्यक्रमों में ले रहे है बढ़चढ़ कर हिस्सा

**स्वतंत्र एलान प्रतिनिधि**

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

बुधवार को शहर के प्राचीन त्रिवेणी तट पर आयोजित महारुद्र यज्ञ के समापन अवसर पर भक्तों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सफाई मित्र समूह द्वारा तैयार की गई रांगोलियों को भी सराह गया।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान बुधवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता है, ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

**मौसम** | **दिन के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस का उछाल, दिन में भी जगह-जगह जलाए जा रहे अलाव**

# 6.5 डिग्री सेल्सियस हुआ न्यूनतम तापमान, ठिठुरन बढ़ी

**रतलाम।** जिले में दिन के तापमान में जहां मामूली घट-बढ़ हो रही है, वहीं न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। अब रात का तापमान लुढ़क कर 6.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। इससे सर्दी का असर बढ़ गया है। सुबह देर तक कोहरा छा रहा है। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी से बचाव के लिए रात के साथ दिन में भी जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं।



रतलाम में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते हुए नागरिक। ● नईदुनिया 15-1-2021

मौसम में बदलाव से आमजन को परेशानी हो रही है। सर्द बयारों के चलते रात में सड़कों पर आवाजाही कम पड़ गई है। सर्द मौसम में आमजन बेहद जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। लगातार तीसरे दिन गुरुवार को मौसम सर्द बना रहा। रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 26.2 व न्यूनतम 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में जहां एक डिग्री सेल्सियस का उछाल आया, वहीं न्यूनतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 74 व शाम की 63 प्रतिशत रही, जो बुधवार को क्रमशः 73 व 66 प्रतिशत थी।

सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेंटर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। इसके अलावा नागरिकों द्वारा भी अपने स्तर पर सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलाए जा रहे हैं।

**एक नजर तापमान की चाल पर**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 14 जनवरी | 26.2 | 06.5 |
| 13 जनवरी | 25.2 | 07.0 |
| 12 जनवरी | 25.2 | 09.0 |
| 11 जनवरी | 26.2 | 14.8 |
| 10 जनवरी | 23.6 | 15.0 |
| 09 जनवरी | 28.2 | 15.2 |
| 08 जनवरी | 28.6 | 14.6 |

4 नईदुनिया
इंदौर, शुक्रवार 15 जनवरी, 2021

## न्यूज गैलरी

### कर्मचारियों को ड्रेस वितरित

रतलाम। कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम कर्मचारियों को ड्रेस (यूनिफार्म) वितरण की गई। आयुक्त ने बताया कि शासन द्वारा नगर निगम के कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड में अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत निगम के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी व सफाई संरक्षकों को ड्रेस का वितरण किया जा रहा है। निगम सभागृह में जोन क्रमांक-01 व 02 के सफाई संरक्षकों को स्वेटर का वितरण किया गया। साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग के 20, फायर ब्रिगेड विभाग के 21 कर्मचारियों को ड्रेस का वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, सहायक वर्ग-3 राजेंद्रसिंह गेहलोत, हरीश जोशी, फायरमैन देवेंद्र पुरोहित सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

# उकाला रोड का काम रुका, गड्ढे-कीचड़ से हो रहे घायल

## कई कॉलोनियों को जोड़ता है यह मार्ग



उकाला रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों के साथ ही कीचड़ पसर गया है।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15-1-2021

उकाला रोड का काम अटक गया है। सड़क पर गड्ढे और कीचड़ से वाहन चालक फिसल रहे हैं और घायल हो रहे हैं। पिछले तीन दिन से रोज घटना हो रही है। बावजूद किसी भी अफसर का ध्यान इस ओर नहीं है।

उकाला रोड सीसी टू लेन बनना है। यहां पेट्रोल पंप से सड़क का निर्माण शुरू हो हुआ था। पेट्रोल पंप से माता मंदिर तक एक साइड की सीसी रोड आधी ही बनी थी कि बंद हो गया। अब काम बंद ही है। इ उकाला रोड से दिलीप नगर घर जा रहे रमेश पांचाल की बाइक फिसल गई और वे घायल हो गए। इससे उनका पैर फ्रेक्चर हो गया। वहीं बजरंग नगर निवासी शैलेंद्र बारोठ भी बाइक से गिर गए। लोगों ने उठाया। इससे पैर में चोट आई है।

### आंदोलन कर चुके रहवासी

क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बलराम मीणा ने बताया कि हम पिछले तीन साल से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चक्काजाम के साथ आंदोलन किया। इस मांग के आधार पर टू लेन का निर्माण शुरू हुआ लेकिन कुछ दिनों तक चला और फिर बंद हो गया।

# कस्तूरबा नगर में नहीं आ रही कचरा गाड़ी

रतलाम | कस्तूरबा नगर में कचरा गाड़ी रोज नहीं आ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता और युवा नेता राकेश आचार्य एवं सतीश शर्मा ने बताया पिछले कई महीनों से यह समस्या है। पहले भी पार्षद और नगर निगम को शिकायत की लेकिन अब तक समस्या का हल नहीं हो पाया है। इससे रोज परेशानी आ रही है। कस्तूरबा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का सुधार किया जाए। यदि जल्द सुधार नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

# निगम आयुक्त झारिया ने ली टी.एल. बैठक में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम
15-1-2021

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आयोजित बैठक में निर्देशित किया कि सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का निराकरण करावें जिसके तहत 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों, एल-1 व एल-2 की शिकायतों का निराकरण शीघ्र कराया जावे साथ ही ग्रेडिंग की शिकायतों का भी शीघ्र निराकरण कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये।

इसके अलावा टी.एल. में दर्ज शिकायतों विभिन्न आयोग, पी.एम., सी.एम. कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करवाये जाने के निर्देश के साथ ही निगम आयुक्त श्री झारिया ने दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ किये जाने की प्रगति की जानकारी बैठक में ली।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में सांसद एवं विधायक निधी के कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाये साथ ही अवैध नल कनेक्शनों को वैध कराये जाने की कार्यवाही प्रारंभ करने व संपत्तिकर नामांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा नालो की पुलिया के दोनो ओर जाली लगाये जाने के निर्देश बैठक में संबंधितों को दिये।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती नीता जैन, प्र. कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, निगम सचिव जसवन्त जोशी, प्रभारी कर्मशाला व प्रकाश विभाग एस.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, प्रभारी उद्यान विभाग अरविन्द दशोत्तर, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, उपयंत्री सुहास पंडित, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक हरीश मिश्रा, सुनील कपूर, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक श्री धर्मेन्द्र दोगाया आदि उपस्थित थे।

### मीडिया से चर्चा करेंगे कलेक्टर डाड

रतलाम। जिले में 16 जनवरी से प्रारंभ होने वाले कोरोना टीकाकरण को लेकर कलेक्टर गोपालचंद्र डाड 15 जनवरी को शाम 4 बजे महू रोड स्थित नए कलेक्टोरेट सभागार में मीडियाकर्मियों से चर्चा करेंगे।

# पहला टीका सफाईकर्मी, दूसरा स्वास्थ्य अधिकारी को लगेगा

## कोविड-19 ● टीकाकरण कल से, आज 200 फ्रंटलाइन वर्कर को जारी होंगे एसएमएस




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना टीकाकरण अभियान की तैयारी लगातार चल रही है। शुक्रवार को कोविड वैक्सीन की राष्ट्रीय स्तर पर लांचिंग होगी। इसका सीधा प्रसारण मेडिकल कॉलेज में सुबह 9:00 बजे से दिखाया जाएगा।

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे, और मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी तैयारी करवाते रहे। मेडिकल कॉलेज परिसर में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वे सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे जो टीकाकरण कार्य की मुख्य जिम्मेदारी में हैं।

जिले में 16 जनवरी को पहले चरण के टीकाकरण के पहले दिन बाल चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज केंद्र में 200 लोगों को टीका लगाने की तैयारी है। दोनों केंद्रों में पांच-पांच कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है इसके अलावा जोनल व अन्य अधिकारी भी रहेंगे। दोनों केंद्रों 100-100 लोगों को टीका लगेगा। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया कि पहला टीका सफाई कर्मचारी को लगेगा।

इसके बाद दूसरे नंबर पर सीएमएचओ, सिविल सर्जन या किसी अन्य स्वास्थ्य अधिकारी को टीका लगाया जाएगा। जिन्हें टीका लगना है, उन्हें 15 जनवरी की देर शाम तक मैसेज पहुंच जाएगा। बुधवार रात जिले के लिए वैक्सीन की 10310 डोज आ गई है।

### वैक्सीन पर सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने दिए सवालों के जवाब

**सवाल - क्या वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है?**

**जवाब**- वैक्सीन लगवाना स्वैच्छिक है। हालांकि, इस बीमारी से बचाव और यह बीमारी परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों व सहकर्मियों तक न पहुंचे, इसके लिए वैक्सीन की पूरी खुराक लगवाना चाहिए।

**सवाल- क्या ऐसे व्यक्ति को वैक्सीन लगाई जा सकती है, जिसे कोविड-19 हो? या इसके संक्रमण की आशंका हो?**

**जवाब**- संक्रमित होने की आशंका वाले व्यक्ति से टीकाकरण स्थल पर मौजूद दूसरे लोगों को संक्रमण का खतरा हो सकता है। इस कारण से संक्रमित व्यक्तियों को ठीक होने के बाद 14 दिनों तक टाल देना चाहिए।

**सवाल- क्या कोविड-19 से ठीक हो चुके व्यक्ति को वैक्सीन लगवाने की आवश्यकता है?**

**जवाब**- बिलकुल, कोविड से ठीक हो चुके व्यक्ति को वैक्सीन की पूरी खुराक लेने की आवश्यकता है। यह बीमारी के खिलाफ मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित करने में मदद करेगी।

**सवाल- यह कैसे पता चलेगा कि कोई व्यक्ति टीकाकरण के लिए पात्र है?**

**जवाब**- इसके पंजीयन होगा और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर टीकाकरण स्थल और इसके निर्धारित समय की जानकारी दी जाएगी। अभी तो शुरुआती चरण में हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स का टीकाकरण हो रहा है। इसके बाद क्रमशः प्रक्रिया चलेगी।

**सवाल- क्या कोई स्वस्थ व्यक्ति बिना पंजीयन के वैक्सीन प्राप्त कर सकता है?**

**जवाब**- पंजीयन अनिवार्य है। बिना पंजीयन के वैक्सीन प्राप्त नहीं की जा सकती है। पंजीयन के समय फोटो आइडी देना अनिवार्य होगा। टीकाकरण के पहले इसकी जांच भी होगी।

**सवाल- यदि कोई व्यक्ति आइडी देने में सक्षम नहीं तो क्या होगा ?**

**जवाब**- आइडी देना अनिवार्य ताकि यह निश्चित किया जा सके कि संबंधित व्यक्ति को ही टीकाकरण किया गया है।

**सवाल- यदि कोई व्यक्ति कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि बीमारियों की दवा ले रहा है, तो क्या वह वैक्सीन ले सकता है?**

**जवाब**- जी हां, यदि किसी को एक या एक से अधिक बीमारी है तो वह उच्च जोखिम श्रेणी में आता है। उन्हें कोविड का टीका लेने की आवश्यकता है।

**सवाल- कितनी खुराक और कितने अंतराल में लेनी होगी?**

**जवाब**-पूर्ण टीकाकरण हेतु 28 दिनों के अंतराल पर वैक्सीन की दो खुराक लेनी होगी।

**सवाल- वैक्सीन के क्या प्रभाव हो सकते हैं?**

**जवाब**- अन्य टीकों की तरह कुछ को हल्का बुखार, इंजेक्शन लगने वाली जगह पर दर्द आदि जैसे सामान्य प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। इसके निपटान की व्यवस्था की गई है।

### जीएमसी के सुप्रीडेंट डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने दिया इस्तीफा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में गत तीन साल से कार्यरत डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने सुप्रीडेंट पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि उनका इस्तीफा देर रात तक स्वीकार नहीं हुआ था। जानकारी के मुताबिक डॉ. गुप्ता ने गुरुवार को डीन डॉ. शशि गांधी को को इस्तीफा दिया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि रतलाम मेडिकल कॉलेज के विकास में वे तीन साल से लगातार कार्यरत है, लेकिन वर्तमान में कुछ परिस्थितियां ऐसी निर्मित हो रही है कि वे अपने कर्तव्य के प्रति न्याय नहीं कर पा रहे। इसलिए इस्तीफा देने का निर्णय किया। डीन डॉ. शशि गांधी ने बताया कि इस्तीफा आया है, आगे की कार्रवाई उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन के बाद की जाएगी।

## कोरोना मरीजों का डाटाबेस तैयार करेगी मेडिकल कॉलेज की टीम

रतलाम। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, स्वास्थ्य मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से कोरोना मरीजों के लिये एक डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसे नेशनल कोविड रजिस्ट्री नाम दिया गया है। देश के 100 मेडिकल कॉलेज इस पर काम कर रहे हैं, जिसमें शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम भी शामिल है। इसके लिए कोरोना संक्रमितों के घर तक डॉक्टरों की टीम जाएगी और यह पता किया जाएगा कि कोरोना मरीजों का और कैसे बेहतर ढंग से इलाज किया जा सकता है। इलाज की कौन सी नयी पद्धतियां कोरोना मरीजों के लिये ज्यादा कारगर साबित होंगी।

आइसीएमआर की एथिक्स समिति की मंजूरी मिलने के बाद रतलाम मेडिकल कॉलेज की टीम ने इस पर काम शुरू कर दिया है। डॉ. ध्रुवेंद्र पांडेय ने बताया कि डीन डॉ. शशि गांधी के निर्देश पर हमारी टीम नेशनल कोविड रजिस्ट्री के जरिये डाटाबेस तैयार करेगी। पता लगाया जायेगा कि जो लोग ठीक हो रहे हैं, उनमें क्या समानताएं हैं। वे कैसे ठीक हो रहे हैं। उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता और दवाइयों का कितना योगदान है। जिन मरीजों की मौत हो गई है, उन्हें किस तरह की परेशानी हुई? रोग प्रतिरोधक क्षमता का इससे कितना संबंध है। क्या वे अनुवांशिक तौर पर ही कमजोर थे या किसी बीमारी को ढो रहे थे। इसके जरिये कोरोना वायरस को लेकर किये जा रहे अनुसंधान को बढ़ावा दिया जायेगा।

### आयु व वर्ग वार संक्रमण की स्थिति समझेंगे

डॉ. ध्रुवेंद्र पांडेय का कहना है इसमें ये भी पता लगाया जा सकेगा कि किस लिंग या आयु वर्ग के लोगों को कोरोना वायरस ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। किस लिंग या आयु वर्ग के लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ जाते हैं और किस लिंग या आयु वर्ग के लोगों की व्यापक पैमाने पर मौत हो जाती है। इससे स्वास्थ्यकर्मियों को इलाज करने में सुविधा मिलेगी, साथ ही वैक्सीन के ट्रायल में भी मदद मिलेगी। किस लिंग या आयु वर्ग को कौन सी दवा देनी है, नेशनल कोविड रजिस्ट्री इसमें भी स्वास्थ्यकर्मियों की मदद करेगी। डॉ. ध्रुवेंद्र पांडेय ने बताया कि जितने भी मरीज जिले में पॉजिटिव आए है, उनका डाटाबेस तैयार किया जाएगा। एक साल में रिपोर्ट देनी है।

**वैज्ञानिक तरीके से जुटाएंगे जानकारी :** नेशनल कोविड रजिस्ट्री के माध्यम से क्लिनिकल एंटरप्राइजेस और क्लिनिकल वर्क से हासिल आंकड़ों के जरिये व्यवस्थित, वैज्ञानिक और संरक्षित तरीके से डाटा जुटाया जाएगा। डॉक्टरों, वैज्ञानिकों, विश्लेषकों और जैव वैज्ञानिकों की टीम इस डाटाबेस को संचालित करेगी। इस स्टडी के जरिये कोरोना महामारी को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा। इस स्टडी के जरिये पता लगाया जाएगा कि बीमारी को फैलने में कौन से कारक मदद करते हैं।

**स्वच्छता अभियान** • नगर निगम फाइव स्टार का तमगा हासिल करने के प्रयास में जुटा

# अब डाटा अपलोड करने पर पोर्टल बता देगा कितनी रेटिंग मिलेगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15-1-2021

मार्च में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के पहले नगर निगम ने गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) में फाइव स्टार रेटिंग पाने की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को नगर निगम को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिल गया है। इससे उत्साहित एसबीएम शाखा अब पोर्टल जीएफसी में मांगे गए दस्तावेज अपलोड करने में जुट गई है। सरकार के इंटीग्रेटेड एमआईएस पोर्टल की खासियत यह है कि सारा डाटा अपलोड होने के बाद यह खुद बता देगा कि कितनी रेटिंग मिल सकती है। निगम का सारा फोकस स्टार रेटिंग पर इसलिए भी है क्योंकि 2020 में फाइव स्टार की जगह जीरो रेटिंग, जबकि 2019 में थ्री स्टार के पहले टू स्टार मिली थी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया जीएफसी स्टार रेटिंग के मापदंडों के अनुसार बिंदुवार तैयारी कर रहे हैं। इस बार पूरी उम्मीद है कि फाइव स्टार रेटिंग मिल जाएगी।



ओडीएफ डबल प्लस सर्टिफिकेशन पर आयुक्त झारिया ने मिठाई खिलाई।

## यह है सर्टिफिकेशन का अंक गणित

- 1800 अंक वाला सर्टिफिकेशन 6000 अंक के तीन भाग वाले सर्वेक्षण 2021 का दूसरा भाग है।
- सर्वे में 1100 अंक स्टार रेटिंग के मिलेंगे।
- 500 अंक ओडीएफ डबल प्लस सर्टिफिकेट है, जिसमें निगम को सफलता मिल गई है।
- - 200 अंक वाटर प्लस सर्वे के हैं, जो गंदे पानी का कितना ट्रीटमेंट हो रहा है, उसके आधार पर मिलेंगे।

**कर्मचारियों को दिए स्वेटर और ड्रेस** - गुरुवार को निगम सभागृह में सफाई व्यवस्था के जोन 1 व 2 के कर्मचारियों को स्वेटर बांटे गए। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग के 20 और फायर ब्रिगेड के 21 कर्मचारियों को ड्रेस दी गई। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, सहायक वर्ग-तीन राजेंद्र सिंह गेहलोत, हरेश जोशी, फायरमैन देवेंद्र पुरोहित सहित अन्य मौजूद रहे।


वैक्सीनेशन पर सीएम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंगः

# कमिश्नर-कलेक्टर पहला टीका सफाई कर्मी को लगाने का प्रयास करें

दैनिक अवन्तिका ▶▶भोपाल

15-1-2021

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 16 जनवरी को टीकाकरण अभियान सुबह 9 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ शुरू होगा। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि वे यह प्रयास करें कि पहला टीका सफाई कर्मचारी को लगे।



मुख्यमंत्री टीकाकरण अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर और सभी कमिश्नरों से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन वर्कर्स जैसे पुलिसकर्मी, राजस्व अमला भी सुरक्षित होना जरूरी है। उन्होंने धर्म गुरुओं से अपील की है कि वे स्थानीय स्तर पर प्रशासन के टीकाकरण की प्राथमिकताओं की जानकारी आमजनों को दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण का अभियान 16 से शुरू हो रहा। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन से व्यवस्थाएं करने का समय मिल गया था। प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरा देश एकजुट हुआ। यही वजह है कि कोरोना मप्र में आउट ऑफ कंट्रोल नहीं हुआ। समय रहते सभी प्रबंध कर लिए गए। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने टीकाकरण अभियान की तैयारियों की जानकारी दी।

### हर शहर में एक शासकीय हॉस्पिटल आइडियल हो

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नई बिल्डिंग का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के अभियान में 100% लक्ष्य हासिल करना है। लक्ष्य पूरे होंगे, तभी बच्चों को हम बेहतर भविष्य दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि हर शहर में शासकीय हॉस्पिटल आइडियल होना चाहिए।

### डॉक्टरों के खाली पदों पर चिंता जाहिर

मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों के खाली पदों को लेकर चिंता भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास अस्पतालों में सेवाएं बेहतर करने का है, जिसमें डॉक्टरों के खाली पदों को भरने की दिशा में प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा होनी चाहिए।

## गंदगी फैलाने वाले 32 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने पर विराली ड्रेसेस माणक चौक पर 1000, मंगल सुराना, राज कलेक्शन, संजय सेवन्या, मुकेश माणक चौक पर 500–500, अल अनवर टेलर चांदनी चौक, अशोक कटारिया त्रिपोलिया गेट पर 500–500, कुतबी टेलर त्रिपोलिया गेट पर 300, श्रीराम नमकीन चांदनी चौक पर 250, उस्मान चांदनी चौक, हरिशंकर, राकेश, मुनव्वर, बबलू त्रिपोलिया गेट पर 100–100, आबिद, मुकेश, चेतन माली, नाथूलाल, विकास पोरवाल, कान्हा, दुर्गेश, भरावा नमकीन, जितेंद्र, सलामुद्दीन, मनोहर, हुसैनी, नाहर, शहजादी, बाबू भाई चांदनी चौक, रेहाना, जमीला, सोनू बाथम त्रिपोलिया गेट पर 50–50 रुपये का जुर्माना किया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौरसमाचार पृष्ठ ..11.... दिनांक ..1-5-.......2021

## स्ट्रीट वेन्डरों ने डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रशिक्षण प्राप्त किया

रतलाम। पी.एम. स्वनिधी के तहत स्ट्रीट वेन्डरों को 'मैं भी डिजिटल हूँ' अभियान के तहत डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रशिक्षण बैंक मैनेजरो द्वारा दिया गया। मैं भी डिजिटल हूँ अभियान के तहत पी.एम. स्वनिधी योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले 107 स्ट्रीट वेन्डरों को बैंक मैनेजरो द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्शन का प्रशिक्षण देते हुए बताया इससे आप रूपयो का लेन-देन कर सकते हैं इसमें समय भी कम लगने के साथ सुविधाजनक होता है। इस अवसर पर बैंक मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री अमित गुप्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री श्रवण कुमार मीणा पंजाब एण्ड सिंध बैंक, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी कपील मारोठिया आदि उपस्थित थे।

# कल पहला डोज अस्पताल के स्वीपर तो दूसरा सीएमएचओ को लगाया जाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15/1/2021

279 दिनों के लंबे कोरोना काल के बाद जिस घड़ी का इंतजार कर रहे है... अब वह सिर्फ 24 घंटे दूर है। कल से यानी 16 जनवरी से शहर में वैक्सीन लगना शुरू हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में वैक्सीन लगना है, वैक्सीन का पहला डोज जिला अस्पताल के स्वीपर तो दूसरा सीएमएचओ को लगाया जाएगा।

जिन लोगों को कोरोना वैक्सीन लगना है। उन्हें शुक्रवार को मैसेज मिलना शुरू हो जाएंगे। मैसेज में ही समय और स्थान रहेगा। इसके अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। टीके सुबह 9 बजे से लगाए जाएंगे। गुरुवार को सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने वैक्सीन लगाने की जगहों को देखा। सभी स्थानों पर जरूरी इंतजाम करवाए गए हैं। अभियान से समाज प्रमुखों को भी जोड़ा जाएगा।

## इसलिए जरूरी है टीका... अब तक 79 लोगों को खो चुके

- 11 अप्रैल को शहर में कोरोना का पहला मामला सामने आया था
- 279 दिन बाद अब 4,200 से ज्यादा लोग यह मर्ज झेल चुके हैं।
- 27 मई को पहली मौत हुई, टाटा नगर की महिला ने तोड़ा था दम।
- 14 जनवरी तक हम 79 लोगों को कोरोना के कारण खो चुके हैं
- 100 से ज्यादा अधिकारी, कर्मचारी, डॉक्टर ड्यूटी में लगे हैं
- 150 से ज्यादा लोग अभी भी मेडिकल कॉलेज में कोरोना से जंग लड़ रहे

## आपको लगेगी कोविशिल्ड वैक्सीन, डरें नहीं... पूर्ण सुरक्षित

- **कम समय में वैक्सीन को लाया गया है, क्या यह सुरक्षित है।**

- निकायों ने इसकी सुरक्षा व प्रभाव को जांचने के बाद ही देश में वैक्सीन को मंजूरी दी है।

- **क्या कोरोना से ठीक हो चुके व्यक्ति को भी लगा सकते हैं।**


- हां, उन्हें पूरी खुराक लेने की सलाह दी जाती है।

- **क्या हमारी वैक्सीन अन्य देशों में बनी वैक्सीन जितनी प्रभावशाली है।**

- हां, ये वैक्सीन अन्य देशों की वैक्सीन जितनी ही प्रभावशाली है। इसके विभिन्न स्तर पर टेस्ट हुए हैं

**मुख्यमंत्री ने की समाज व संस्था प्रमुखों से चर्चा-** इधर कोरोना वैक्सीन को लगाने के लिए अब समाज व संस्थाओं के प्रमुखों को भी जोड़ने की तैयारी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जिले के समाजसेवी व संस्थाओं से जुड़े लोगों से चर्चा की।

## हौसला जरूरी है... 96 साल की बुजुर्ग ने जीती जंग



वैक्सीन 24 घंटे दूर है, लेकिन कोरोना को हराने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को मेडिकल कॉलेज से 96 साल की एक महिला को डिस्चार्ज किया गया। ये मूंदड़ी गांव की यशोदा जाट हैं।

# पहले चरण में 2 केंद्रों पर किया जाएगा टीकाकरण

## एसएमएस से जाएगी जानकारी, स्थान और दिनांक का रहेगा उल्लेख

रतलाम ● स्वदेश समाचार 15/1/2021 कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जिले का माइक्रो प्लान तैयार हो गया है। पहले चरण में 2 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। इसके बाद केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जिले के 8437 फ्रंटलाइन वर्कर चिन्हित किए गए हैं जिन्हें प्रथम चरण में टीका लगाया जाएगा, इनमें शासकीय तथा अशासकीय हेल्थ वर्कर्स के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सम्मिलित है इन्हें निर्देश रहेंगे कि बताए गए पहचान पत्र के दस्तावेज साथ में लेकर आएं।

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया कि प्रथम चरण में रतलाम में बाल चिकित्सालय तथा मेडिकल कॉलेज में टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं, जहां कोरोना का वैक्सीन लगाया जाएगा। इसके लिए टीम तैयार की गई है प्रत्येक टीम में 5-5 सदस्यों को रखा गया है। इनका प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। प्रत्येक टीम के कार्यों में, प्रवेश के समय दस्तावेज की जांच करना, अंदर रिसेप्शन रूम में बैठाना, वैक्सीन लगाना, कम्प्यूटर पर एंट्री करना, वैक्सीन लगाने के बाद संबंधित के स्वास्थ्य की आधे घंटे तक निगरानी करना आदि शामिल है।

### पहला एसएमएस 15 जनवरी को जिन्हें 16 जनवरी को लगेगा टीका

15 जनवरी को उन फ्रंटलाइन वर्कर को एसएमएस जारी किए जाएंगे, जिनको 16 जनवरी को टीका लगाया जाएगा। एसएमएस में नाम, दिनांक, स्थान का जिक्र रहेगा। समय प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक रहेगा। इस समय में फ्रंटलाइन वर्कर अपने तय टीकाकरण केंद्र पर किसी भी समय पहुंच सकते हैं। वे वहां अपने साथ एसएमएस में बताए गए पहचान के दस्तावेज लेकर पहुंचेंगे। ताकि उनकी पहचान हो सके और तस्दीक की जा सके कि पोर्टल पर जिस नाम का उल्लेख है,वैक्सीन जिस नाम का आया है,उसी का टीकाकरण हो रहा है।

### इस तरह बुलाया जाएगा हितग्राही को

केंद्र सरकार के कोविन पोर्टल पर जिसप्रकार से पंजीयन होकर सूची अपडेट हुई है। उसी क्रम में वर्कर्स को टीकाकरण हेतु बुलाया जाएगा। पोर्टल पर दिए गए नाम अनुसार ही नामों के आगे लिखे मोबाइल नंबर पर एसएमएस जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.प्रभाकर ननावरे ने बताया कि वैक्सीन के डोज जिला चिकित्सालय कोल्ड स्टोरेज में पहुंच गए है वैक्सीन डोज कोल्ड चैन व्यवस्था के तहत पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है वैक्सीन की सुरक्षा के लिए आवश्यक कर्मचारियों की व्यवस्था भी की गई है। जिले में 16 जनवरी से टीकाकरण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दबंग दुनिया–पृष्ठ ..8.. दिनांक ..1 जून......2021

## गंदगी व अतिक्रमण करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर 14 लोगों पर जुर्माना की कार्यवाही की गई।

**एनआईसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस:** सीएम ने धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि सहित अन्य से की चर्चा

# वैक्सीन : जिन्होंने बचाई हम सबकी जिंदगी, अब पहला टीका उन सबकी जिंदगी के लिए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com
15-1-2021

रतलाम. कोरोना से बचाने के लिए 16 जनवरी यानी कल से टीकाकरण के महा अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसे लेकर तैयारियां तेज हो गई है। वैक्सीनेशन को लेकर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान स्वयं इसके संबंध में धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, एसपी, सहित आमजन से चर्चा कर रहे हैं। पहला टीका उनकी जिंदगी के लिए है जिन्होंने हमारी जिंदगी बचाई है।

टीकाकरण की तैयारियों के लिए गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों सहित अन्य लोगों को दिशा निर्देश भी दिए। रतलाम में फ्रंटलाइन वर्कों को मेडिकल कॉलेज व बाल चिकित्सालय में टीके लगाए जाएंगे। रतलाम में पहले दौर में वैक्सीन के 10300 डोज आए है, जो कि 8437 लोगों को लगेंगे। इसके लिए वैक्सीन बुधवार रात रतलाम पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए



वैक्सीन आ गई है जो किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## दो डोज लगेंगे

सीएम ने कहा कि प्रदेश में कोरोना से बचाव की वैक्सीन लगाने का कार्य 16 जनवरी को सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। अभियान के लिए जिलों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वैक्सीन की सेफ्टी की पुष्टि की गई है। पहला डोज लगने के पश्चात इसे 28 दिन के पश्चात पुनः लगाया जाएगा। इसके 14 दिन बाद मानव शरीर में एंटी बॉडी का निर्माण होगा। टीका लगने के बाद तत्काल प्रभाव नहीं होता है।

## ऐसे होगा वैक्सीनेशन

भारत में दो वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन स्वीकृत की गई हैं। प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स, द्वितीय चरण में फ्रंट लाइन वर्कर्स का टीकाकरण होगा, तृतीय चरण में पचास वर्ष की आयु से अधिक सभी नागरिकों तथा ऐसे नागरिकों जो पचास वर्ष से कम आयु के हैं लेकिन मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रस्त हैं, उनका टीकाकरण किया जाएगा।

## लोगों को दें समझाइश

सीएम ने आव्हान किया कि सभी धर्म गुरु, जिला प्रशासन वैक्सीन लगाने की इस प्राथमिकता की जानकारी आमजन को दें। महाभियान से संबंधित कोई अफवाह फैले तो उसे सही जानकारी देकर समझाया जाए। दोनों वैक्सीन एक जैसी हैं। सभी अधिकारी, जन प्रतिनिधि, आमजन सहयोग देकर इसे निर्विघ्न संपन्न करने का कार्य करें। वैक्सीन के बाद छोटी-मोटी एलर्जी भी हो तो घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### ये रहे मौजूद

सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, जिपं प्रधान परमेश मईड़ा, सीएम जन कल्याण योजना के प्रदेश संयोजक प्रदीप चौधरी, स्वामी देवस्वरूपानंद, शहर काजी अहमद अली, गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मानसिंह, अवतारसिंह सलूजा, फादर मनोज एक्का, फादर डेविडराज, फादर योहन चौहान, कलेक्टर गोपालचंद डाड, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, महेंद्र गादिया आदि मौजूद थे।

# उद्यानों से निकलने वाले कचरे से बनाई जा रही है जैविक खाद

रतलाम। नगर निगम स्वामित्व के उद्यानों से निकलने वाले कचरे का उचित रीति से प्रसंस्करण कराने हेतु कचरे से खाद बनाने के लिये कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार उद्यान विभाग के अमले द्वारा किया जा रहा है ताकि कचरा उत्सर्जन स्थल पर ही निपटान के साथ ही उद्यानों के लिये खाद उपलब्ध होकर उद्यान हरे-भरे रहे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की पूर्व तैयारियों के तहत नगर निगम के ऐसे उद्यान जिनमें कम्पोस्ट पिट नहीं बने है उनमें पिट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कालिका माता उद्यान, रोटरी गार्डन, अमृत सागर उद्यान, काटजू नगर उद्यान, सिविल लाईन, गोपाल गोशाला, शास्त्री नगर, नगर निगम कार्यालय परिसर, गणेश चौक अलकापुरी व टीचर्स कालोनी में कम्पोस्ट पिट का निर्माण कराया जा चुका है तथा गुलाब चक्कर, शास्त्रीनगर बाल उद्यान, गांधी उद्यान, जैन कालोनी, मानस भवन, शांति निकेतन, कल्याण नगर, कस्तुरबा नगर व कोमल नगर,रत्नपुरी उद्यान में कम्पोस्ट पिट बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## 84 दिनों में ठीक किए 125 वॉल्व और 578 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 84 दिनों में 125 वॉल्व व 578 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

# सीएम 19 को वितरित करेंगे संबल योजना की राशि

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 19 जनवरी को संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि वितरण कार्यक्रम आपका संबल-आपकी सरकार में हितग्राहियों को सहायता राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान संबल योजना के हितग्राहियों को 19 जनवरी को दोपहर तीन बजे मिंटो हॉल भोपाल में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से करेंगे। हितलाभ वितरण के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण संपूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। प्रदेश की सभी जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों में यह कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के दौरान बड़वानी, उज्जैन, बैतूल और जबलपुर जिलों से एक-एक हितग्राही से मुख्यमंत्री श्री चौहान संवाद करेंगे।

# पीएम आवास स्कीम में बनने वाले एमआईजी, एलआईजी और दुकानें अब फ्री होल्ड होंगी

**भोपाल** | चालीस शहरों के निकायों में प्रधानमंत्री आवास स्कीम के तहत बन रहे एमआईजी, एलआईजी और दुकानें अब फ्री-होल्ड होंगी। तीस साल की लीज का प्रावधान राज्य सरकार हटाने जा रही है। राजस्व विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। जल्द ही इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट में लाया जाएगा। ऐसा हो जाता है तो राजस्व से नगरीय निकायों को जमीन बतौर 'भूमि स्वामी हक' में मिलेगी। निकाय इसमें आवास और दुकान बनाएगा, जिसे खरीदने वालों को भी उसका पूरा हक मिलेगा। इस समय निकायों में पीएम आवास स्कीम के तहत 17 हजार 427 एलआईजी-एमआईजी आवास बनाए जा रहे हैं। निर्माण 2018 से प्रारंभ हुआ, लेकिन दो साल में बुकिंग सिर्फ चार हजार की हुई है। इसकी वजह लीज का प्रावधान है। हाल ही में नगरीय विकास और आवास विभाग की बैठक में यह मसला सामने आया था।

15-1-2021

# स्वच्छता सर्वेक्षण में रतलाम को मिला ओडीएफ डबल प्लस

## अधिकारी-कर्मचारियों ने एक दूसरे को बधाई दी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

15/11/2021

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत स्वच्छता हेतु विभिन्न स्तरों पर किये जाने वाले सर्वेक्षण के तहत रतलाम नगर ने ओडीएफ डबल प्लसका दर्जा प्राप्त करने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक दुसरे को बधाई प्रेषित की।

रतलाम नगर को ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा मिलने की सूचना निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को मिलने पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों एक दुसरे को बधाई प्रेषित की व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर निगम आयुक्त ने इसका श्रेय निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को देते हुए आव्हान किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत अन्य स्तरों पर भी सर्वेक्षण किये जायेंगे इस हेतु सभी एकजुट होकर कार्य कर रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनायें।

### किया सर्वेक्षण

ज्ञातव्य है कि विगत दिनों स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम द्वारा नगर में खुले में शौच वाले संभावित क्षेत्रों, सार्वजनिक शौचालय-मुत्रालयों, सुलभ शौचालयों आदि का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण उपरान्त रतलाम नगर को ओडीएफका दर्जा प्राप्त हुआ।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ ..16... दिनांक.15-1.......2021

**यज्ञ के यजमान का सम्मान** • श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर आरती की, हेमाद्री स्नान कर्म हुआ

# त्रिवेणी तट पर 67वें महारुद्र यज्ञ की हुई पूर्णाहुति, मेला नहीं लगने से रौनक भी घटी

## कोरोना महामारी ने त्रिवेणी की पुरानी परंपरा को किया प्रभावित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

15-1-2021

त्रिवेणी के पावन तट पर गुरुवार को 67वें महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने धर्म का लाभ लिया। इस मर्तबा कोरोना महामारी के चलते मेले स्थगित किया गया। इस कारण यहां रौनक कम रही।

श्री सनातन धर्मसभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा त्रिवेणी तट पर चल रहे 67वें महारुद्र यज्ञ का समापन यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर ओझा व 21 भूदेवों के मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में घृत धारा के साथ पूर्णाहुति कर यज्ञ संपन्न हुआ। इसके साथ ही हेमाद्री स्नान, यज्ञाचार्य व 21 भूदेव तथा यज्ञ के यजमान वीना कुंदन सोनी का सम्मान किया । इस दौरान समिति संरक्षक कोमलसिंह राठौर, नवनीत सोनी, बद्रीलाल परिहार, लालचंद टांक, रमेश व्यास, बंशीलाल शर्मा, गोपाल जवेरी, कपूर सोनी, हरसहाय शर्मा, गोपाल घुघरूवाल, सत्यनारायण पालीवाल, महेश बाहेती, सतीश भारतीय,, पुष्पेंद्र जोशी,बाबूलाल त्रिपाठी, रामचंद्र पण्डया, चेतन शर्मा, नारायण राठौड़, ताराबेन सोनी, राखी व्यास, हंसा व्यास, किरण सोनी, राधा पोरवाल, सरोज सोनी श्रद्धालु मौजूद थे।



यज्ञ की पूर्णाहुति करते हुए मुख्य यजमान, भूदेव।

**68 वां महारुद्र यज्ञ 24 दिसंबर से होगा**

68वां महारुद्र यज्ञ 24 दिसंबर से 3 जनवरी 2022 तक होगा। इसमें मुख्य यजमान ललित कुमार सोनी होंगे तथा डमी के रूप में यजमान जीवन पापटवाल का नाम प्रस्तावित है। समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य ने बताया हमारे जीवन के लिए यज्ञ एक महत्वपूर्ण परंपरा है। यह अतिप्राचीन परंपरा त्रिवेणी तट पर निरंतर चलती रहे यह हम सब का प्रयास है।

### 66 साल पुराना मेला इस साल नहीं लगा

पिछले 66 सालों से यहां चल रहे महारुद्र यज्ञ के साथ ही मेला भी आयोजित हो रहा है। मेले में दूर-दूर से व्यापारी, झूले वाले यहां आकर अपना व्यवसाय करते आ रहे हैं। वहीं मेले का आनंद लेने के लिए शहर सहित आस-पास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन इस मर्तबा कोरोना महामारी के चलते मेला स्थगित करने से आम लोगों की भीड़ कम रही। यहां लगने वाला मेला पूर्णाहुति के दो-तीन दिन बाद तक चलता है। अधिकांश लोग महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद ही खरीदारी करने के लिए मेले में जाते हैं।

### जरूरतमंदों को बांटा भोजन

श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट अन्नक्षेत्र में महारुद्र यज्ञ के समापन पर बेट अश्वत दलाल के जन्मदिन पर उसके पिता अनदीप दलाल ने जलाधारी का पूजन, महाआरती कर भोग लगाया वहीं रामकन्या देवी की स्मृति में उनके पति मांगीलाल राठौर, बेटे पारस राठौर, सुनील राठोर ने भोग लगाकर जरूरतमंदों को भोजन कराया। डॉ. राजेंद्र शर्मा ने सभी दानदाताओं को सहयोग के लिए आभार माना। इस अवसर पर मनोहर पोरवाल, विष्णु दलाल, अशोक लाठी, हरीश सुरोलिया, मनोज शर्मा, चेतन शर्मा, राजा राठौड़, सूरजमल टांक सहित अन्य मौजूद रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ––––पृष्ठ ..1..... दिनांक ..15–1.....2021

# ओडीएफ प्लस प्लस बाद स्वच्छता में नंबर 1 की आस

पत्रिका सोशल वैल्यू

## देश में टॉप 10 में आने के लिए बनाई योजना



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 15-1-2021

**रतलाम.** ओडीएफ प्लस प्लस लाकर बड़ी सफलता लेने वाली नगर निगम ने अब स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में बाजी मारने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि इसके लिए कवायद लंबे समय से चल रही है, लेकिन ओडीएफ में नंबर आने के बाद अब निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी उत्साहित हैं। इसलिए अब वे भी डबल जोश से मैदान में भीड़ गए हैं। इन सब के बीच गुरुवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देश में टॉप 10 में आने के लिए एक बार फिर से नया प्लान स्वच्छता के लिए बनाया है।

नगर निगम आयुक्त झारिया ने गुरुवार को निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अमले के अलावा अन्य विभागीय अधिकारियों को भी बुलवाया गया। इसका उद्देश्य यह था कि सफाई के मामले में अन्य विभाग के अधिकारी भी अपने सुझाव दे पाए। हालांकि ओडीएफ प्लस प्लस में 600 अंक व नगर निगम होने के चलते 300 अतिरिक्त अंक के साथ शहर को कुल 900 अंक बुधवार को मिल गए हैं। अब निगम अन्य अंक लेने के लिए आगे की योजना पर काम शुरू करने जा रही है।

निगम के अधिकारियों के अनुसार हर घर, दुकान से डोर टू डोर कचरा लेने को और सख्त किया जाएगा। इसके लिए जिस दिन किसी वार्ड में कचरा गाड़ी नहीं जाएगी उसके चालक व सहायक को नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं, शहर के मुख्य बाजार में सुबह के अलावा दोपहर से लेकर शाम तक एक बार फिर सफाई करवाई जाएगी। यह कार्य करके 600 अंक निगम की लेने की योजना है। इसके अलावा अन्य 800 अंक लेने के लिए निगम गीले कचरे को निष्पादीत करने की योजना पर काम कर रही है।

### 1 से 7 तक स्टार

स्वच्छता अभियान में एक से लेकर सात तक स्टार मिलेंगे। इसमें 7 स्टार के लिए 95 प्रतिशत, 5 स्टार के लिए 85 प्रतिशत, 3 स्टार के लिए 50 प्रतिशत व 1 स्टार के लिए 40 प्रतिशत स्वच्छता होना अनिवार्य है। जबकि 30 से लेकर 90 प्रतिशत तक स्वच्छता होने का आवश्यक बताया गया है। उज्जैन संभाग में उज्जैन के अलावा रतलाम नगर निगम को प्रदेश में टॉप 10 में आने लायक स्वच्छता के पैमाने पर लिया गया है। इसके लिए यह जरूरी है कि जो जरूर शर्तें दी गई है, उसमें सभी में निगम पूरी उतरे।

हमारा प्रयास देश में शीर्ष स्थान पर आने का है। इसके लिए मेहनत सभी मिलकर कर रहे है। शहर से भी यह अपील है कि वे स्वच्छता में सहयोग करें, जिससे रतलाम का नाम राष्ट्रीय स्तर पर एक नंबर पर आए। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम